राजकीय कला महाविद्यालय कोटा (राज.)



विवरणिका 2020-21

विवरणिका

सत्र 2020–21

राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा

प्राचार्य
डॉ. (श्रीमती) कंचना सक्सेना
कार्यालय : 2324489

समग्र प्रवेश प्रभारी
डॉ. (श्रीमती) सरिता शर्मा

सह प्रभारी
डॉ. (श्रीमती) सीमा सोरल

सम्पादक
डॉ. एम.जेड़.ए.खॉन

अनुक्रमणिका

क्र.सं.	विषय	पृष्ठ संख्या
1.	उद्‌बोधन	04
2.	विद्यार्थियों को परमावश्यक निर्देश	05
3.	प्रतिबंधित विषय–समूह	10
4.	शैक्षणिक सूचना	11
5.	संकायवार/विषयवार स्वीकृत वर्ग	12
6.	उपलब्ध विषय एवं विषय – समूह	13
7.	शुल्क भुगतान सम्बन्धी सूचनाऐं	14
8.	राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा देय छात्रवृत्तियाँ	17
9.	मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना	22
10.	सह शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ	28
11.	छात्रों के लिए पुस्तकालय एवं वाचनालय संबंधी निर्देश	31
12.	संकाय सदस्य	32
13.	मंत्रालयिक कर्मचारी	33
14.	सहायक कर्मचारी	33
15.	समितियाँ	34
16.	प्रवेश समितियाँ	35

उद्‌बोधन

कौन हो तुम! बसन्त के दूत।
विरस पतझड़ में अति सुकुमार।।
घन तिमिर चपला की रेख।
तपन में शीतल मन्द बयार।।

प्रिय विद्यार्थियों,

नवीन सत्र 2020–21 में राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा परिवार आप सभी का हार्दिक एवं आत्मिक स्वागत करता है। अपार सम्भावनाओं को अन्तर्तम में समेटे आप महाविद्यालय में प्रवेश लेते हैं। विद्यार्थियों में अन्तर्निहित प्रतिभा को परिनिष्ठित एवं परिमार्जित करने का कार्य महाविद्यालय करता है।

"विद्या ददाति विनयम्" अर्थात् विद्या छात्र को विनयशील बनाती है। विद्या प्राप्ति से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है। महाविद्यालय में आप अपने विषय में पारंगत एवं दक्ष अध्यापकों से न केवल अपनी ज्ञान–पिपासा का शमन करेंगे वरन् शिक्षणेतर गतिविधियों यथा एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट–गाइड, मानवाधिकार, युवा–विकास, भाषा–क्लब, महिला–प्रकोष्ठ, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच एवं क्रीड़ा–क्षेत्र से सम्बंधित कला को विकसित कर उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य में सार्थक भूमिका अदा करेंगे।

मनुष्य होने के नाते हमारा प्रथम कर्त्तव्य मानवता की रक्षा तथा क्षरण होते मानव–मूल्यों की पुनर्स्थापना है। प्रतिस्पर्धा के इस युग में हमें अपनी अमिट छाप छोड़नी है।

ज्ञान के अथाह सरोवर में अवगाहन करते आप व्यष्टि से समष्टि की ओर अग्रसर होते हुए उन्नति के चरम सोपान तय करें। कोरोना काल में आप सोशल–डिस्टेन्सिंग के आधार पर लोक–कल्याण के मार्ग में प्रवृत्त हों, अनेक नवीन कीर्तिमानों को स्थापित करें।

अनेकानेक शुभकामनाओं सहित.....

यक़ीं रास्ता लम्बा है चलो तो सही।

क़दम उठेगा तो मन्ज़िल क़रीब आयेगी।

शुभेच्छु

डॉ. कंचना सक्सेना
प्राचार्य
राजकीय कला महाविद्यालय, कोटा

विद्यार्थियों को परमावश्यक निर्देश

1. प्रवेशार्थी विवरणिका का गम्भीरता पूर्वक अध्ययन करें और उसमें दी गई सूचनाओं के अनुसार ही आवेदन पत्र में पूर्ति करें।
2. **आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार सत्र 2020–21 में प्रथम वर्ष स्नातक तथा स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) कला संकाय में समस्त प्रवेश कार्य ऑनलाईन प्रक्रिया द्वारा सम्पन्न किया जायेगा। ऑन लाइन एडमिशन प्रोसेस (OAP) विभाग के वेब पोर्टल (hte.rajasthan.gov.in) के माध्यम से उपलब्ध Admission link के द्वारा ऑन लाइन आवेदन फार्म प्रवेश कार्यक्रमानुसार उपलब्ध कराया जायेगा। प्रवेश प्रक्रिया, फार्म भरने के निर्देश तथा तिथियों आदि की जानकारी प्रवेश नीति के अनुसार वेब पोर्टल पर उपलब्ध होगी। स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर (पूर्वार्द्ध) में प्रवेश से पूर्व महाविद्यालय में किसी भी प्रकार के आवेदन की हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जायेगी। सत्र 2014–15 से आयुक्तालय द्वारा एकीकृत प्रवेश प्रक्रिया लागू कर दी गई है। इसलिए सत्र 2020–21 में भी द्वितीय, तृतीय वर्ष एवं स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध में महाविद्यालय के नियमित विद्यार्थियों के लिए नवीनीकरण (अण्डरटेकिंग) आवेदन पत्र प्रस्तुत करने सम्बन्धी व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब ऐसे विद्यार्थियों को 30 जून, 2020 तक सत्र का शुल्क ई–मित्र पर जमा करवाना अनिवार्य है। अन्य पात्रता शर्तों की पूर्ति होने की स्थिति में वह प्रवेशित माना जायेगा। अधिक जानकारी हेतु विद्यार्थी आयुक्तालय द्वारा जारी " प्रवेश नीति " का ऊपर लिखित वेबसाइट पर अवलोकन कर सकते हैं ।**
3. **महाविद्यालय भवन तथा सम्पूर्ण परिसर की सुरक्षा, स्वच्छता आदि के लिए सभी छात्र–छात्राऐं वचनबद्ध हैं। महाविद्यालय को किसी प्रकार से विकृत करने वाले व्यक्तियों को किसी भी परिस्थिति में क्षमा नहीं किया जायेगा।**
4. नियमित रूपेण प्रवेश के पश्चात् पहचान पत्र (Identity Card) एवं प्रवेश शुल्क रसीद आपको अनवरत साथ रखने होंगे। माँगे जाने पर यह दिखाना अनिवार्य होगा। यह इसलिए आवश्यक है कि कुछ बाह्य तत्व जो महाविद्यालय से सम्बद्ध नहीं है, छात्र शक्ति का दुरूपयोग करते हैं। आपको उन्हें अलग–थलग करना होगा।
5. महाविद्यालय के सभी कार्य निर्बाध तथा अनिवार्य रूप से शैक्षणिक सत्र–सारिणी (Academic Calender) से संचालित होंगे। इसे वेद वाक्य मानकर व्यवहार निष्ठ रहें। प्रवेश, छात्रसंघ चुनाव तथा परीक्षाऐं आदि सभी इस कैलेण्डर से अविच्छिन्न जुड़े हुऐ हैं। इनमें परिवर्तन की आशा अथवा अपेक्षा न करें।
6. **छात्रसंघ के चुनाव के दौरान, महाविद्यालय की सुरक्षा तथा सुन्दरता के प्रति आपको विशेष रूप के कृत संकल्प रहना है। चुनाव के परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण राष्ट्र बदल चुका है। आप भी अपने को यथानुरूप ढ़ालें तथा भवन और परिसर को विकृत न करें। यह आपकी आचार संहिता की आधार–भित्ति है। सुस्पष्ट रूप से आप यह भी ध्यान रखें कि ऐसा सद्व्यवहार एवं आचरण कानूनी दृष्टि से भी अनिवार्य है। छात्रसंघ चुनाव अभियान के सन्दर्भ में, हर दृष्टि से आपको माननीय उच्च न्यायालय एवं राज्य सरकार के आदेशों का शत– प्रतिशत पालन करना होगा।**
7. रैगिंग के संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि यह कानूनन अपराध है , हर दृष्टि से आपको माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों की शत–प्रतिशत पालना करनी होगी।

8. परीक्षा से पूर्व पुस्तकालय की सभी पुस्तकें तथा कार्ड, अन्यान्य विभागों से ली गई समस्त सामग्री लौटाकर अदेय प्रमाण–पत्र (No dues Certificate) लेना होगा। किसी पुस्तक तथा वस्तु के खो जाने की अवस्था में उसका पुनर्भरण आप करेंगे।
9. सूचना पट्ट नित्य देखने की आदत डालें। आवश्यक निर्देश वहाँ लगाये जाते रहेंगे। उनके न देखने की स्थिति में, यदि आप किसी सुविधा से वंचित रह जाते हैं तो इसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।
10. साईकिल स्टेण्ड महाविद्यालय द्वारा प्रदत्त सुविधा है, फिर भी वाहन के नुकसान की स्थिति में महाविद्यालय पुनर्भरण के लिए वचनबद्ध नहीं है।
11. **आवेदन पत्र के साथ छात्रों को मूल प्रमाण – पत्र नहीं लगाना है। प्रमाण पत्रों की स्वयं द्वारा सत्यापित फोटो प्रतियाँ छात्रों द्वारा आवेदन पत्र के साथ लगानी होंगी।**
बोनस अंक हेतु विद्यार्थी द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रमाण पत्र राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित होने चाहिये तथा प्रवेश से सम्बन्धित शेष सभी प्रमाण पत्र एवं अंकतालिकायें छात्र द्वारा स्वप्रमाणित होनी चाहिये। इसके अभाव में यदि कोई छात्र उक्त लाभ से वंचित रहता है तो उसके लिए वह स्वयं उत्तरदायी होगा। एक बार आवेदन पत्र जमा कराने के बाद कोई भी प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना संभव नहीं होगा।
12. विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमानुसार स्नातक स्तर पर कला संकाय में अनिवार्य विषय के रूप में सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, प्रारम्भिक कम्प्यूटर शिक्षा तथा पर्यावरण अध्ययन एवं आपदा प्रबंधन(Enviromental Studies & Disaster Management) उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
13. प्रथम वर्ष कला हेतु प्रत्येक छात्र को ऐच्छिक विषयों का चयन करते समय वरीयता क्रम के अनुसार प्रत्येक ग्रुप से एक विषय को चुनते हुए कुल पाँच विषय –समूहों का चयन करना है छात्र द्वारा वरीयता क्रमानुसार चाहे गये विषय में स्थान रिक्त न रहने की स्थिति में उसे जिन विषयों में स्थान रिक्त हैं, वे विषय आंवटित कर दिये जायेंगे। महाविद्यालय के प्रत्येक विषय में जितने छात्रों की संख्या निश्चित है, उतने ही स्थानों पर राज्य सरकार के नियमानुसार प्रवेश देय होगा।
14. प्रायोगिक परीक्षा देने वाले पूर्व छात्रों (Ex- Students) को प्रायोगिक कार्य करने के लिए प्रयोगशाला की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। नियमित छात्र के रूप में यह सुविधा वे पूर्व में प्राप्त कर चुके हैं।
15. प्रत्येक विद्यार्थी को नियमित रूप से महाविद्यालय सूचना पट्ट देखना चाहिए। प्रत्येक टर्म के अन्त में उपस्थिति की सूचना महाविद्यालय के सूचना पट्ट पर लगायी जायेगी। सूचना प्राप्त न होने का दायित्व महाविद्यालय का नहीं होगा। विद्यार्थियों के लिए 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य है। उपस्थिति कम होने पर विद्यार्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
16. स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्तातकोत्तर पूर्वार्द्ध ऑनलाईन आवेदन हेतु समस्त प्रक्रिया की तिथियों के लिए प्रवेश नीति के **"ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया, शैक्षणिक सत्र सारणी, सह–शैक्षणिक एवं छात्रवृत्ति कलैण्डर (सत्र 2020–21)"** का अवलोकन करें।
17. प्रवेश–नीति 2020–21 में पात्रताधारी प्रवेशार्थियों का आवेदन–पत्र ही पंजीकृत किया जायेगा। न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत सत्र 2020–21 के प्रवेश हेतु निम्नानुसार होगा :–

स्नातक कक्षाओं के लिए –

क्रम संख्या	संकाय	अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत	
		सामान्य पाठ्यक्रम (पास कोर्स)	ऑनर्स पाठ्यक्रम
(अ)	कला	45	48
(ब)	राजस्थान के अलावा अन्य किसी स्थान से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण हो तथा राजस्थान के निवासी न हो।	60	60

स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए –

क्रम संख्या	अभ्यर्थियों का प्रकार	पाठ्यक्रम	प्राप्तांक मानदण्ड	पात्रता
(अ)	राजस्थान में अवस्थित किसी विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण	एम.ए.	अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 48 प्रतिशत प्राप्तांक अथवा आवेदित विषय में न्यूनतम 55 प्रतिशत प्राप्तांक	समस्त संकायों के अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण
(ब)	राजस्थान राज्य के बाहर अवस्थित किसी विश्वविद्यालय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी	सभी संकाय	अर्हकारी परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत प्राप्तांक	एम.ए./एम.कॉम. के लिए अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण तथा एम.एससी. के लिए आवेदित विषय के साथ विज्ञान संकाय से अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण।

नोट : यदि सम्बन्धित विश्वविद्यालय के अध्यादेश में न्यूनतम प्रतिशत का प्रावधान उपर्युक्त प्रस्ताव से भिन्न हो तो अध्यादेश के अनुसार ही न्यूनतम प्रतिशत मान्य होगा।

18. विधि संकाय सहित प्रत्येक संकाय की स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर एवं एम.फिल. के प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व अति पिछड़ा वर्ग (**MBC**) (चिकनी परत को छोड़कर)/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए क्रमशः 16 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 21 प्रतिशत, 5 प्रतिशत एवं 10 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे। पिछड़ा वर्ग को प्राप्त 21 प्रतिशत आरक्षण में अति पिछड़ा वर्ग भी सम्मिलित है एवं इसके अतिरिक्त अति पिछड़ा वर्ग के लिए 5 प्रतिशत का अलग से स्थान देय है {सदंर्भ कार्मिक(क–2)विभाग के आदेश क्रमांक प.7(1)कार्मिक/क–2/2017 दिनांक 28.02.2019, राजस्थान सरकार शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग के आदेश क्रमांक प.18(2)शिक्षा–4/2014 रिजर्वेशन दिनांक 07.03.2019/आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के अभ्यार्थियों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण की पालना सुनिश्चित की जावे (सदंर्भ कार्मिक(क–2)विभाग के आदेश क्रमांक प.7(1)कार्मिक/क–2/2019 दिनांक 28.02.2019, राजस्थान सरकार शिक्षा (ग्रुप–4) विभाग के आदेश क्रमांक प.18(2)शिक्षा–4/2014 रिजर्वेशन दिनांक 07.03.2019}

19. आवेदन पत्र पर छात्र/छात्रा के पिता/संरक्षक के सही हस्ताक्षर होने चाहिए। प्रत्येक असत्य विवरण का उत्तरदायित्व प्रार्थी का होगा।
20. प्रवेश प्रक्रिया के तहत आवेदन पत्र जमा कराते समय कोई पंजीयन शुल्क नहीं लिया जायेगा। प्रवेशार्थी को आवेदन पत्र की प्राप्ति रसीद लेना आवश्यक है।
21. प्रवेश में योग्यता सूची तैयार करने के लिए खेल–कूद एवं अन्य शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक गतिविधियों के लिए नियमानुसार लाभ दिया जायेगा । ऐसे प्रमाण पत्रों की राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपियाँ प्रवेश आवेदन पत्र के साथ लगानी होंगी।
22. राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकूद एवं अन्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा विशेष उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले छात्रों को न्यूनतम उत्तीर्णाकों पर प्रवेश का प्रावधान प्रवेश हेतु किया हुआ है। केवल वास्तव में योग्य छात्र ही इसका लाभ प्राप्त कर सकें, इसके लिए केवल राज्य स्तरीय क्रीड़ा परिषद् अथवा जिला क्रीड़ा परिषद् के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण – पत्रों के आधार पर ही यह लाभ दिया जायेगा, इस हेतु विद्यार्थी को एक शपथ–पत्र भी प्रस्तुत करना होगा जिसमें उसे उल्लेख करना होगा कि उसके द्वारा प्रस्तुत प्रमाण–पत्र सही नहीं पाये जाने पर उसका प्रवेश निरस्त कर दिया जाये तथा उसके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जा सकती है।
23. प्रवेश आवेदन पत्र के साथ संलग्न प्रमाण –पत्र तथा फोटो किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं लौटाये जायेंगे।
24. प्रवेश आवेदन पत्र पूर्ण रूपेण भरा हुआ प्रवेशार्थी द्वारा स्वयं अथवा उसके अभिभावक द्वारा निर्धारित तिथि तक जमा कराना होगा।
25. सेवारत प्रार्थी अपने नियोक्ता अधिकारी का अनापत्ति पत्र संलग्न करें, अन्यथा प्रवेश अवैध समझा जायेगा, जिसके लिए प्रार्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।
26. प्रवेशार्थियों को प्रवेश प्रणाली के संबंध में अगर कोई अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करनी हो तो वे महाविद्यालय में छात्र सलाहकार समिति से सम्पर्क करें।
27. स्नातक प्रथम वर्ष एवं स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध में ऑनलाईन आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रलेख होना आवश्यक हैं –

(क) अर्हकारी परीक्षा की अंक तालिका, स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र तथा चरित्र प्रमाण –पत्र की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रतियाँ। प्रवेश होने पर शुल्क के साथ ही इनकी मूल प्रति जमा करानी होगी।

(ख) सैकेण्डरी परीक्षा प्रमाण पत्र या अंक तालिका की स्वयं द्वारा सत्यापित प्रति।

(ग) विश्वविद्यालय परिवर्तन का मूल प्रवर्जन –प्रमाण पत्र (माइग्रेशन सर्टिफिकेट) जो छात्र/छात्राऐं संबंधित विश्वविद्यालय के क्षेत्र के बाहर से आ रहे हैं, (यदि हों) अन्यथा यह प्रवेश के एक माह में जमा करना होगा।

(घ) यदि छात्र/छात्रा अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अ.पि.जा. का/की है तो उसकी पुष्टि में जिला कलक्टर/प्रथम श्रैणी के दण्डनायक/तहसीलदार का स्वयं द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र की फोटो प्रति संलग्न करें।

(ड़) जिनके अभिभावक राजस्थान सरकार के ऐसे कर्मचारी हों जो आयकर दाता नहीं हैं, उससे संबंधित प्रमाण –पत्र देने पर शिक्षण शुल्क नहीं लिया जायेगा।

(च) आय का विवरण – पत्र।

(छ) खेल आदि में विशेष योग्यता का राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित प्रमाण–पत्र जिनके आधार पर बोनस अंक प्रतिशत चाहा गया है।

(ज) प्रवेश आवेदन पत्र एवं नवीनीकरण प्रपत्र के साथ प्रत्येक विद्यार्थी तीन पोस्टकार्ड मय घर का पता लिखे हुये आवश्यक रूप से जमा करावें।

28. प्रवेशार्थी को प्रवेश यथा सम्भव उसकी मेरिट के आधार पर दिया जावेगा।
29. प्रत्येक प्रवेशार्थी निर्धारित फीस जमा करायेगा व महाविद्यालय की वे सभी औपचारिकताऐं पूरी करेगा जो महाविद्यालय में प्रवेश के लिए आवश्यक हैं।
30. महाविद्यालय में प्रवेश के द्वारा प्रवेशित छात्रों के प्रमाण पत्रों की जाँच महाविद्यालय के द्वारा की जावेगी और यदि कोई प्रमाण पत्र फर्जी पाया जाता है अथवा विद्यार्थी के द्वारा पूर्व में दी गई सूचनाऐं सही नहीं पाई जाती हैं तो महाविद्यालय इस सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी करने के उपरान्त विद्यार्थी का प्रवेश निरस्त करने अथवा/एवं उसके विरूद्ध अन्य कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्णय लेगा।
31. **प्रवेश हो जाने के पश्चात् विषय परिवर्तन के लिए आवेदनकर्ता विद्यार्थी को मात्र एक विषय के परिवर्तन की अनुमति मात्र एक बार दी जा सकेगी। यदि उस विषय/विषय – संयोजन (Subject Combination) में स्थान उपलब्ध हों। विषय/संकाय परिवर्तन के इच्छुक विद्यार्थियों को निर्धारित समय अवधि (प्रवेश कार्यक्रम में उल्लेखित) में 200/– शुल्क के साथ आवदेन पत्र जमा कराने होगें।**
32. राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अन्तिम तिथि के पश्चात् कोई भी प्रवेश नहीं होगा।
33. महाविद्यालय में प्रवेश मिल जाने के बाद यदि किसी विद्यार्थी का आचरण आपत्तिजनक पाया गया, उसने महाविद्यालय का अनुशासन भंग किया या प्रवेश आवेदन पत्र में कोई असत्य सूचना पाई गई, महाविद्यालय नियमों का उल्लघंन किया, अपने पिता/पति/संरक्षक के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति के हस्ताक्षर कराये अथवा स्वयं के हस्ताक्षर किये तो उसका यह कार्य अत्यन्त अवांछनीय होने के कारण दण्डनीय अपराध समझा जायेगा, उसका प्रवेश तुरन्त रद्द कर दिया जायेगा।
34. महाविद्यालय के प्राचार्य, को यह अधिकार होगा कि उचित कारण होने पर बिना कारण बताये आवेदन पत्र को अस्वीकार कर दें/ प्रवेश निरस्त कर दें।
35. **अपने मूल प्रलेख महाविद्यालय में जमा करवाने से पूर्व उनकी पर्याप्त सत्यापित प्रतिलिपियाँ आप अपने पास रख लें। प्रवेश के पश्चात् मूल प्रलेख तुरन्त लौटाना सम्भव नहीं होगा।**
36. **प्रवेशार्थी छात्रवृत्ति के लिए नयापुरा स्थित किसी भी बैंक की शाखा में खाता खुलवाकर स्वयं का खाता संख्या संबंधित लिपिक को नोट करवा देवें, ताकि उनकी छात्रवृत्ति सीधे बैंक में उनके खाते में जमा की जा सके।**
37. ड्राफ्ट द्वारा जमा होने वाली फीस का ड्राफ्ट नयापुरा (कोटा) परिक्षेत्र में स्थित किसी भी बैंक की शाखा एवं कोटा में भुगतान योग्य ही मान्य होगा।

प्रथम वर्ष कला में विषय चयन हेतु आवश्यक निर्देश

प्रतिबंधित विषय–समूह

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा के अनुसार बी.ए. पार्ट प्रथम की वर्ष 2021 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिये नीचे दी गयी सारिणी के कालम नं. 1 में वर्णित विषय के सामने कालम नं. 2 में दर्शाये गये विषय लेना प्रतिबन्धित है –

कालम नं. 1	**कालम नं. 2**
हिन्दी साहित्य	उर्दू
लोक प्रशासन	चित्रकला
इतिहास	गणित
अर्थशास्त्र	चित्रकला
भूगोल	दर्शनशास्त्र
राजनीति विज्ञान	गणित
उर्दू	गणित
संस्कृत	उर्दू

नोट :– हिन्दी , संस्कृत व अंग्रेजी साहित्य तीनों एक साथ नहीं लिये जा सकते हैं।

शैक्षणिक सूचना

संचालित संकाय, विषय एवं उपलब्ध सीटों का विवरण– इस महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में स्वीकृत वर्गों व स्थानों की संख्या निम्नानुसार निर्धारित है –

कक्षा	स्वीकृत वर्ग	कुल स्थानों की संख्या
बी.ए. पार्ट – प्रथम	28	2800 (सत्र 2020–21 के लिए)
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) चित्रकला	01	30
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) हिन्दी	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) संस्कृत	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) उर्दू	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) अंग्रेजी	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) भूगोल	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) इतिहास	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) राजनीति विज्ञान	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) अर्थशास्त्र	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) समाजशास्त्र	01	60
एम.ए. (पूर्वार्द्ध) लोकप्रशासन	01	60

नोट : राज्य सरकार के आदेशानुसार प्रवेश नीति 2020–21 के पृष्ठ संख्या 22 से 25 पर अंकित विभिन्न आरक्षित श्रेणियों में नियमानुसार आरक्षण का लाभ देय होगा।

संकायवार / विषयवार स्वीकृत वर्ग

महाविद्यालय में बी.ए.पार्ट प्रथम में वैकल्पिक विषयवार वर्गो की संख्या निम्नानुसार निर्धारित की गयी है –

क्र.सं.	विषय	वर्ग	सीटें (सत्र 2020–21 के लिए)
1.	चित्रकला	02	200
2.	अर्थशास्त्र	03	300
3.	अंग्रेजी	03	300
4.	भूगोल	12	1200
5.	हिन्दी	11	1100
6.	इतिहास	11	1100
7.	दर्शनशास्त्र	01	100
8.	राजनीति विज्ञान	12	1200
9.	लोक प्रशासन	11	1100
10.	संस्कृत	05	500
11.	समाज शास्त्र	12	1200
12.	उर्दू	01	100

उपलब्ध विषय एवं विषय–समूह

महाविद्यालय में निम्नलिखित पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं :–

(1) स्नातक कक्षाऐं (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम

प्रथम वर्ष कला – महाविद्यालय में प्रथम वर्ष के लिए 28 वर्ग स्वीकृत हैं तथा प्रत्येक वर्ग में अधितकतम छात्र संख्या 100 (सत्र 2020–21 के लिए) है।

कोटा विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा प्रतिबन्धित विषय समूह को छोड़कर छात्र किसी भी विषय समूह का चयन कर सकता है। प्रथम वर्ष कला हेतु प्रत्येक छात्र को ऐच्छिक विषयों का चयन करते समय वरीयता क्रम के अनुसार अधोलिखित प्रत्येक ग्रुप से एक विषय को चुनते हुए कुल पाँच विषय–समूहों का चयन करना है। छात्र द्वारा वरीयता क्रमानुसार चाहे गये प्रथम तीन विषयों/विषय–समूह में स्थान रिक्त नहीं रहने की स्थिति में उसे महाविद्यालय द्वारा जिन विषयों में स्थान रिक्त हैं, वे विषय/विषय–समूह आवंटित कर दिये जायेंगे। महाविद्यालय के प्रत्येक संकाय/विषय में जितने छात्रों की संख्या निश्चित है, उतने ही स्थानों पर राज्य सरकार के नियमानुसार प्रवेश देय होगा। कला संकाय में निम्नलिखित विषय/विषय समूह उपलब्ध है। उपलब्ध स्थानों पर वरीयता के अनुसार विषयों का आवंटन किया जायेगा।

ग्रुप 'ए'	ग्रुप 'बी'	ग्रुप 'सी'
भूगोल	राजनीति विज्ञान	इतिहास
समाजशास्त्र	लोक प्रशासन	हिन्दी
अंग्रेजी	अर्थशास्त्र	संस्कृत
दर्शनशास्त्र	चित्रकला	उर्दू

(2) स्नातकोत्तर कक्षाऐं –

कला संकाय – स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध के विभिन्न विषयों यथा हिन्दी, संस्कृत, उर्दू , अंग्रेजी, भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र एवं लोक प्रशासन प्रत्येक में एक वर्ग स्वीकृत है तथा प्रत्येक विषय में छात्रों की अधिकतम संख्या 60 निर्धारित है। जबकि चित्रकला विषय में एक वर्ग स्वीकृत हैं, जिसमें अधिकतम सख्या 30 निर्धारित हैं।

(3) एम.फिल.

(क) कला संकाय के अर्थशास्त्र एवं संस्कृत विषयों में यह पाठ्यक्रम राजकीय स्कीम में उपलब्ध है।

(ख) **स्ववित्त पोषी योजना** :– आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्रांक एफ 4 (26) आयो./आकाशि 75/10–19 दिनांक 10 जनवरी , 2008 के द्वारा ''महाविद्यालय विकास समिति'' के तत्वावधान में ''स्ववित्त पोषी योजना'' के तहत 08 विषयों – भूगोल, इतिहास, राजनीति विज्ञान, उर्दू, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य और लोक प्रशासन में एम.फिल. पाठयक्रम 2008–2009 से प्रारम्भ हो चुका है। इस स्ववित्त पोषी योजना में प्रति विद्यार्थी शुल्क भूगोल विषय में 12000/– रू. और इतिहास, राजनीति विज्ञान, उर्दू, हिन्दी साहित्य, समाजशास्त्र, अंग्रेजी साहित्य एवं लोक प्रशासन विषयों में 9000/– रू. प्रति विद्यार्थी शुल्क आयुक्तालय द्वारा निर्धारित किया गया है।

नोट – किसी भी विषय में एम.फिल. प्रवेश हेतु सम्बन्धित महाविद्यालय यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित मानदण्ड एवं अपने सम्बद्ध विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश नियमों के आधार पर प्रवेश–प्रक्रिया अपनायेंगे।

शुल्क भुगतान संबंधी सूचनाऐं

आवश्यक सूचना :– महाविद्यालय में शुल्क आदि लेन–देन का समय प्रत्येक कार्य दिवस प्रात : 10:30 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक है :

निर्धारित समय के पश्चात् शुल्क संबंधी लेन देन नहीं किया जायेगा।

महाविद्यालय शुल्क (शैक्षणिक एवं अन्य)

In Rupees

Main Head	Sub-Head	Fee Type	General Boys	General Girls	SC/ST /OBC /MBC (Boys)	SC/ST /OBC /MBC (Girls)
Govt. Fees	1	Tution Fee UG	180	--	--	--
	2	Tution Fee PG	240	--	--	--
	3	Lab Fee UG Arts (Practical)	150	150	150	150
	4	Lab Fee PG Arts (Practical)	200	200	200	200
Other Fees	5	Mahavidhyalaya Vikas Samiti Fee	150	150	150	150
	6	Campus Cleaning	30	30	30	30
	7	Insurance Fee	50	50	50	50
			-	-	-	-
Boys Fund	8	Caution Money	100	100	100	100
	9	Library Fee	130	130	130	130
	10	Student Activities	175	175	175	175
	11	General Purpose Fee	385	385	385	385
	12	Games Fee	120	120	120	120
	13	Student Union	100	100	100	100
	14	Parking Fee	30	30	30	30
	15	Girls Association Fee	--	20		20

विश्वविद्यालय कोष :

1. विश्वविद्यालय नामांकन (Enrolment) शुल्क प्रवेश के साथ (केवल उन छात्रो से जिनका कोटा विश्वविद्यालय में नामांकन नही हुआ है।) रु. 150.00
2. पात्रता प्रमाण पत्र शुल्क (Eligibility) रु. 150.00
(अन्य राज्य के बोर्ड अथवा विश्वविद्यालय से आने वाले छात्रों से)

अन्य शुल्क सभी छात्रों से

राजकीय कला महाविद्यालय विकास समिति, कोटा द्वारा लिये गये निर्णयानुसार महाविद्यालय में अधोलिखित कार्यों हेतु निम्नानुसार शुल्क का निर्धारण किया गया है:–

01.दस्तावेजों के प्रमाणीकरण हेतु शुल्क (शुल्क महाविद्यालय विकास समिति में जमा होगा)	
(i) राजस्थान राज्य के संस्थानों में छात्र के दस्तावेजों के प्रमाणीकरण हेतु	रू. 300/–
(ii) राजस्थान राज्य से बाहर देश की अन्य संस्थाओं द्वारा छात्र के दस्तावेजों के प्रमाणीकरण हेतु	रू. 500/–
(iii) विदेशी संस्था में छात्र के दस्तावेजों के प्रमाणीकरण हेतु	रू. 800/–
02.अंकतालिका शुल्क	
(i) विश्वविद्यालय की अंकतालिका महाविद्यालय में प्राप्ति मास के अगले मास की प्रथम तिथि से एक वर्ष की अवधि तक	शुल्क दर शून्य
(ii) विश्वविद्यालय की अंकतालिका दूसरे वर्ष की अवधि में	रू. 50/–
(iii) विश्वविद्यालय की अंकतालिका तीसरे वर्ष की अवधि में	रू. 100/–
(iv) विश्वविद्यालय की अंकतालिका इसके पश्चात् प्रति वर्ष 50/– रूपये की वृद्धि करते हुए शुल्क लिया जायेगा।	
03.उपाधि शुल्क	
(i) विश्वविद्यालय की डिग्री/उपाधि महाविद्यालय में प्राप्ति मास के अगले मास की प्रथम तिथि से एक वर्ष की अवधि तक	शुल्क दर शून्य
(ii) विश्वविद्यालय की डिग्री/उपाधि दूसरे वर्ष की अवधि में	रू. 100/–
(iii) विश्वविद्यालय की डिग्री/उपाधि तीसरे वर्ष की अवधि में	रू. 200/–
(iv) विश्वविद्यालय की डिग्री/उपाधि इसके पश्चात् प्रति वर्ष 100/– की वृद्धि करते हुए शुल्क लिया जायेगा।	
04.स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र शुल्क	
(i) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र शुल्क	रू. 20/–
(ii) स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र शुल्क (दूसरी प्रति)	रू. 30/–
05.चरित्र प्रमाण–पत्र शुल्क	रू. 20/–
06.परिचय–पत्र खो जाने पर	रू. 100/–
07.अध्ययन प्रमाण–पत्र	रू. 20/–
08.परीक्षा के समय मोबाइल/बैग रखने हेतु शुल्क–	
(i) प्रत्येक मोबाइल हेतु	रू. 10/–
(ii) प्रत्येक बैग हेतु	रू. 20/–

नोटः– समस्त वार्षिक शुल्क प्रवेश के समय एक साथ अग्रिम लिया जाता है। किसी भी दशा में नगद जमा कराया गया शुल्क वापस देय नहीं है।

1. शिक्षण शुल्क 12 मास के लिये लिया जाता है।
2. पूरक परीक्षा में अनुत्तीर्ण घोषित किये जाने पर कोई शुल्क वापस देय नहीं है।
3. किसी विद्यार्थी का चयन आर.पी.ई.टी./आर.पी.एम.टी./आई.आई.टी./ए.आई.ई.ई.ई. या अन्य मान्यता प्राप्त तकनीकी महाविद्यालय में होने पर 31 अक्टूबर तक कम्प्यूटर का आधा शुल्क ही वापस किया जायेगा।
4. समय–समय पर राज्य सरकार के आदेशानुसार कार्यवाही अपेक्षित रहेगी।
5. **विगत परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने की अवस्था में परिणाम घोषित होने की तिथि से एक माह की अवधि में जमा शुल्क लौटाया जा सकेगा। इस अवधि के पश्चात शुल्क लौटाया जाना सम्भव नहीं होगा।**
6. शुल्क हेतु माता/पिता दोनों की वार्षिक आय को ध्यान में रखा जायेगा। यह सीमा कर योग्य आय (Assessable Income) पर लागू होगी।
7. समस्त छात्राऐं/अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ी जाति के छात्र शिक्षण शुल्क से मुक्त हैं।

8. साईकिल स्टेण्ड सुविधा की फीस समस्त छात्र/छात्राओं को देना अनवार्य है।
9. आयकर नहीं देने वाले राजस्थान राज्य, पंचायत समिति, जिला परिषद कर्मचारी (राजपत्रित तथा अराजपत्रित) पर आश्रित छात्र शिक्षण तथा प्रवेश शुल्क से मुक्त हैं।

(i) '**आश्रित**' से तात्पर्य पत्नी, पुत्र, दत्तक अथवा औरस संतान, राज्य कर्मचारी पर पूर्णतः आश्रित अविवाहित पुत्रियों से है।

(ii) शुल्क मुक्ति हेतु माता व पिता दोनों की आय को ध्यान में रखा जायेगा।

(iii) आयकर की गणना हेतु अपने माता/पिता/संरक्षक की आयकर रिर्टन की प्रति लगाना आवश्यक है।

10. राज्य सेवा से निवृत्त कमचारियों के आश्रितों को शिक्षण शुल्क मुक्ति लाभ देय नहीं।
11. जो छात्र स्वंय राज्य कर्मचारी है एवं आयकर नहीं देते हैं उन्हें नियम (Service Conduct Rules) के अन्तर्गत सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त, परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रस्तुत करने पर ही शिक्षण शुल्क से मुक्ति दी जा सकेगी अन्यथा पूर्ण शुल्क देय होगा।
12. पिता के जीवित रहते और कोई व्यक्ति छात्र का संरक्षक नही हो सकेगा।
13. शुल्क में छूट प्राप्त करने के लिये आवश्यक प्रमाण–पत्र प्रवेश के समय प्रस्तुत करना आवश्यक है। बाद में प्रस्तुत प्रमाण–पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा तथा प्राप्त शुल्क वापस देय नही होगा।
14. रक्षित द्रव्य (Caution Money) केवल प्रथम बार प्रवेश चाहने वाले छात्रों से लिया जावेगा।
15. पात्रता प्रमाण–पत्र शुल्क कोटा विश्वविद्यालय, कोटा अथवा राजस्थान माध्यमिक शिक्षा मण्डल के क्षेत्र से बाहर की संस्थाओं से आने वाले छात्रों से ही लिया जायेगा जो महाविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय को भेजा जायेगा।
16. महाविद्यालय की शुल्क प्राप्ति की रसीद को सुरक्षित रखा जाये जो आवश्यकता के समय दिखाई जा सके।
17. रक्षित द्रव्य महाविद्यालय छोड़ कर जाने वाले छात्र/छात्राओं को जिन पर महाविद्यालय का कोई बकाया नहीं, लौटा दिया जायेगा। साधारणतया 15 अक्टूबर से पहले रक्षित द्रव्य नहीं लौटाया जायेगा। महाविद्यालय छोड़ने के तीन वर्ष पश्चात् तक यदि छात्र द्वारा रक्षित द्रव्य नहीं लिया गया तो उस पर महाविद्यालय का अधिकार होगा।
18. महाविद्यालय में विद्यार्थी का नियमानुसार प्रवेश उसी तिथि में माना जायेगा जिस तिथि को महाविद्यालय की सम्पूर्ण राशि जमा कर कार्यालय से रसीद प्राप्त कर लेगा।
19. विश्वविद्यालय परीक्षा आवेदन प्रस्तुत नहीं करने की दशा में छात्र का नाम काट दिया जायेगा।

राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा देय छात्रवृत्तियाँ

महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त एवं निरन्तर अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनके संरक्षकों की आर्थिक स्थिति के अनुसार राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार से आर्थिक सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, जो इस प्रकार है–

(1) समाज कल्याण विभाग द्वारा देय मेट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति, अनुसूचित जाति और जनजाति हेतु

समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के छात्रों को मेट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति दी जाती है–

1.पात्रता :

(क) केवल वे ही छात्र जो राजस्थान के अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित हों।
(ख) शिक्षा का एक चरण उत्तीर्ण करने के पश्चात शिक्षा के उसी चरण में किसी दूसरे विषय/संकाय में अध्ययन करने पर जैसे बी.कॉम. करने के बाद बी.ए.में या एम.ए. करने के बाद किसी अन्य विषय में एम.ए. करने लगे तो ऐसे छात्र इसके पात्र नहीं होंगे।
(ग) नियोजित छात्र, जिन्होंने पाठयक्रम की सम्पूर्ण अवधि की अवैतनिक छुट्टी ली हो तथा जो पूर्णकालिक छात्र के रुप में अध्ययन कर रहे हों, छात्रवृत्ति प्राप्त करने के पात्र होंगे।
(घ) एक ही माता–पिता/अभिभावक के सभी बच्चे छात्रवृत्ति पाने के हकदार होंगे।
(ड़) कोई अन्य छात्रवृत्ति नहीं दी जाती हो।
(च) अशंकालिक पाठयक्रमों के लिये देय नहीं है।

2. राशिः छात्रवृत्ति की राशि के लिये 5 समूह निर्धारित किये गये हैं, जो इस प्रकार हैं –

	समूह	छात्रावास	अछात्रावास
(क)	तकनीकी शिक्षा	425	190
(ख)	डिप्लोमा या एम.एससी.	290	190
(ग)	स्नाकोत्तर–कला, वाणिज्य	290	190
(घ)	स्नातक पार्ट द्वितीय एवं तृतीय	230	120
(ड)	11 वीं, 12वीं, स्नातक पार्ट प्रथम	1050	90

3. आय जाँच

(क) माता–पिता की वार्षिक आय 38220/– होने पर छात्रवृत्ति का भुगतान पूरी दर से तथा 38221/– से 50920/– के मध्य होने पर समूह 'क' को पूरी दर से और समूह ख,ग,घ,ड़, को आधी दर से किया जायेगा।
(ख) वार्षिक आय 50920/– से अधिक होने पर कोई छात्रवृत्ति देय नहीं ।

नोट : आय प्रमाण पत्र केवल एक बार लिये जाने की आवश्यकता है अर्थात् एक वर्ष से अधिक अवधि वाले पाठयक्रमों में दाखिले के समय।

4. **फीस** : छात्र द्वारा संस्था या विश्वविद्यालय को दी जाने वाली फीस का भुगतान किया जायेगा, किन्तु इसमें कॉशन मनी सम्मिलित नहीं होगी।

5. **नवीनीकरण** : अगली कक्षा में प्रवेश लेने पर पाठयक्रम की समाप्ति तक दी जावेगी। इसके लिये छात्रो का अच्छा आचरण और उपस्थिति में नियमितता आवश्यक है।

6. **भुगतान** : छात्र का चयन आय जाँच के आधार पर किया जायेगा। इसके बाद प्राचार्य द्वारा स्वीकृति आदेश जारी किया जायेंगे। छात्रवृत्ति का भुगतान अप्रैल या नामांकन के माह से (20 तारीख बाद करने पर अगले माह से) जो भी बाद में हो, से परीक्षा पूरी होने तक प्रति माह किया जायेगा।

नोट : विद्यार्थी का आचरण असंतोषजनक होने पर या झूठी घोषणा पर अथवा गलत भुगतान किये जाने पर प्राचार्य द्वारा छात्रवृत्ति निरस्त की जा सकती है।

आवेदन : छात्रवृत्ति के लिये आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ही देय होगा, जिसमें निम्न सूचना , प्रपत्र आदि आवश्यक हैं –

(क) पासपोर्ट साईज का फोटो;

(ख) उत्तीर्ण परीक्षाओं की अंक तालिका /प्रमाण–पत्रों की सत्यापित प्रतियाँ;

(ग) जाति प्रमाण–पत्र (तहसीलदार या ऊपर के स्तर के अधिकारी का);

(घ) आय घोषणा पत्र :

(1) न्यायकोत्तर स्टाम्प पेपर पर एक शपथ पत्र के जरिये सभी स्त्रोतों से एक निश्चित आय का वर्णन करते हुए स्वनियोजित माता/पिता अभिभावकों के द्वारा आय घोषणा पत्र;

(2) नियोजित माता–पिता/अभिभावकों को अपने नियोजकों से आय प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।

(2) अनु.जाति/जनजाति के विकलांग छात्रों के लिये अतिरिक्त प्रावधान

(क) दृष्टिहीन छात्रों के लिये पाठक भत्ता

पाठयक्रम का स्तर	पाठक भत्ता (रु. प्रति माह)
समूह क,ख,ग	150
समूह घ	125
समूह ड़	100

(3) विकलांग छात्रों के लिये प्रति माह 100 रु. परिवहन भत्ते का प्रावधान है।

यदि वह छात्र संस्था के परिसर में स्थित छात्रावास में नहीं रहता हो।

(4) विकलांगों के लिये छात्रवृत्ति।

अंधे, बहरे अथवा शारीरिक विकलांग (आर्थोपेडिकली हेन्डीकेप्ड) छात्रों को विकलांग छात्रवृत्ति समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत की जाती है।

(5) आयुक्त कॉलेज शिक्षा द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ :

1. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति;
2. आवश्यकता एवं योग्यता छात्रवृत्ति;
3. अध्यापकों के बच्चों को छात्रवृत्ति;
4. महिला योग्यता छात्रवृत्ति;
5. स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चों को देय छात्रवृत्ति;
6. मृत राज्य कर्मचारियों के बच्चों को छात्रवृत्ति;
7. उर्दू छात्रवृत्ति;
8. भारत, पाक एवं चीन युद्ध मे मृत अथवा अपंग सैनिकों के बच्चों को एवं विधवाओं को देय छात्रवृत्ति;
9. ललित कला छात्रवृत्ति (संगीत संस्थान जयपुर);
10. ललित कला छात्रवृत्ति (राजस्थान स्कूल ऑफ आर्टस);
11. राजस्थान के पूर्व सैनिकों की पुत्रियों को महिला छात्रवृत्ति;

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा प्रदत्त इन सभी छात्रवृत्तियों के आवेदन–पत्र निदेशालय से 50 पैसे के मूल्य में प्राप्त किये जा सकते हैं।

आयुक्त कॉलेज शिक्षा द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्तियाँ

क्र. सं.	छात्रवृति	पात्रता	आय सीमा	दर प्रतिमाह छात्रावास–अछात्रावास
1.	राष्ट्रीय छात्रवृत्ति	माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर या विश्वविद्यालय में योग्यता सूची में आने पर तथा अन्य छात्रवृत्तिधारक न होने पर 50 प्रतिशत प्राप्तांक पर	माता–पिता की कुल वार्षिक आय 2500 रु. से अधिक न हो (स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु आय सीमा नहीं)	100/–60/–(कक्ष II 11,12 एवं पार्ट I) 120/–90/–पार्ट (II,III) 300/– 120/– (स्नातकोत्तर)
